बरेली, रविवार
16 फरवरी, 2025
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext



**आयोजन** टूर्नामेंट में शामिल होंगी 12 टीमें, पहली मार्च को होगा फाइनल

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**मेरठ, वाराणसी, हल्द्वानी, हरदोई और बरेली की टीमें होंगी टूर्नामेंट में शामिल**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (15 Feb):** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का आगाज 18 फरवरी को होगा. जबकि फाइनल मैच 1 मार्च को खेला जाएगा. एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में 12 टीमें शामिल हो रही हैं. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने दी.



आदित्य मूर्ति ने दी जानकारी.

## राशि भी बढ़ाई गई

आदित्य मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते इस बार मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की टीमें खेलने एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंच रही हैं.

## टूर्नामेंट में 12 टीमें करेंगी पार्टिसिपेट

आयोजन समिति के सचिव डॉ. सोवन मोहंती ने कहा कि टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा ले रही है. इनमें जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ, गज ग्रीन्स बरेली, आईके कलेक्शन बरेली, हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी, स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली, हल्द्वानी क्रिकेटर्स, एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी, ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली, राजश्री क्लब बरेली, हरदोई स्ट्राइकर्स, एसजी कैंट मेरठ, टेकेदार इलेवन बरेली शामिल है. इन टीमों को चार ग्रुप ए, बी, सी और डी में रखा गया है. हर ग्रुप में 3-3 टीमें शामिल है. ग्रुप ए में जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ, गज ग्रीन्स बरेली और आईके कलेक्शन बरेली. ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी, हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी, स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली.

इसी को देखते हुए आयोजन समिति की ओर से टूर्नामेंट की इनामी राशि भी बढ़ाई गई है. पिछली बार विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये मिले थे. इस बार विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ एक लाख हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे. इसी तरह रनरअप टीम को 31 हजार रुपये के स्थान पर अब 51 हजार रुपये के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा. जबकि फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यानी मैन ऑफ द मैच को 1100 का पुरस्कार मिलेगा. अन्य सभी मैचों में मैन ऑफ द मैच रहने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी.